## बैठक आयोजित

**डूंगरपुर,** (निसं)। रविवार को लक्ष्मण मैदान में आदिवासी खेल संघ डूंगरपुर की एक बैठक का आयोजन अरुण परमार शांतिलाल जी भासोर रमेश जी डामोर कमलेश अ हारी मनोज परमार के मुख्य सानिध्य में आदिवासी खेल संघ के बैनर तले दूधिया रोशनी में जिसमें क्रिकेट हॉकी फुटबॉल वॉलीबॉल एथलेटिक्स एवं कबड्डी खो खो महिला पुरुषों के आयोजन लेकर विचार विमर्श किया गया।

आने वाले समय में रात्रि कालीन आयोजन हेतु चर्चा की गई साथ ही प्रत्येक खेल में 32 - 32 टीमों को ब्लाक कार्यकारिणी से स्वीकृति पश्चात प्रत्येक ब्लॉक से 8-8 टीमों को शामिल करके आयोजन करने की विस्तृत चर्चा की गई जिसमें समस्त आदिवासी समाज के व्यक्तियों को शामिल करने एवं आयोजन हेतु सहभागिता देने की बात की गई।

आयोजन को लेकर आदिवासी खेल संघ जिला अध्यक्ष विकेश मौलात ने विस्तृत रूपरेखा एवं जानकारी प्रदान की गई साथ ही सीमलवाड़ा ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र डामोर सागवाड़ा ब्लॉक अध्यक्ष राजेश रोत आसपुर ब्लॉक अध्यक्ष मनोज परमार चंद्रशेखर डेंडोर फाल्गुन भराड़ा चंदूलाल रोत प्रतीक कटारा जिला उपाध्यक्ष मन्नालाल ननोमा अनिल मीणा सचिव प्रतीक दामा सहसचिव सचिन कटारा मीडिया प्रभारी जिज्ञासु कटारा ने भी विचार व्यक्त किये इस अवसर पर राकेश मौलात पंकज दामा दिनेश रोत मुकेश कटारा अजय सोवारा विकास रोत महिपाल कलासुआ सुमित रोत अनिल कलासुआ आदि आदिवासी समाज के खेल से जुडे हुए व्यक्ति शामिल हुए।

# प्रदर्शनी में दिखी राजस्थान के सांस्कृतिक परिवेश की झलक

**उदयपुर,** (कासं)। प्रदेशभर में रविवार को राजस्थान दिवस हर्ष, उमंग और उत्साह के साथ मनाया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुरूप राज्यभर से अल सुबह से देर शाम तक विविध रंगारंग आयोजन हुए।

उदयपुर जिला मुख्यालय पर जिला कलक्टर नमित मेहता और जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल ने सूचना केन्द्र की कलादीर्घा में राजस्थान के ऐतिहासिक वैभव और सांस्कृतिक परिवेश का दर्शन कराती फोटो प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारंभ किया। राजस्थान की कला, संस्कृति,

■ **राजस्थान दिवस पर कलक्टर व एसपी ने किया सूचना केन्द्र में फोटो प्रदर्शनी का शुभारंभ**

ऐतिहासिक वैभव व शौर्य पराक्रम का गुणगान करती इस प्रदर्शनी में युवा और अनुभवी फोटोग्राफर्स के विविधता भरे फोटो देख जिला कलेक्टर अभिभूत हुए और उन्हें प्रोत्साहित करते हुए कहा- एक्सीलेंट फोटो। इस दौरान उन्होंने सबसे युवा व कम उम्र की प्रतिभावान फोटोग्राफर कनिषा मेहता से उनके फोटो एंगल एवं क्लिक फोटो के बारे में जानकारी ली और उनकी फोटो एलबम देखकर कनिषा के प्रयासों की सराहना की। उदयपुर के फोटो विशेषज्ञ सेवानिवृत आरएएस दिनेश कोठारी के छायाचित्रों में राजस्थान का ग्रामीण परिवेश का अनूठा संग्रह देखकर भी कलक्टर प्रभावित हुए। सूचना केन्द्र के उपनिदेशक गौरीकांत शर्मा ने बताया कि प्रदर्शनी में प्रवीण कुमावत, भरत कंसारा, पंकज शर्मा, उमेश मेनारिया, लक्ष्मण पारंगी, कनिषा मेहता आदि उभरते एवं अनुभवी फोटोग्राफर के छायाचित्र शामिल किये गये है। इस अवसर पर पर्यटन उप निदेशक शिखा सक्सेना ने राजस्थान दिवस व मेवाड़ महोत्सव के अंतर्गत होने वाले आयोजनों की जानकारी दी। इस अवसर पर उपनिदेशक महिला अधिकारिता संजय जोशी, उपनिदेशक उद्यानिकी कैलाश चंद्र शर्मा, पूर्व आरएएस दिनेश कोठारी, सहायक जनसंपर्क अधिकारी विनय सोमपुरा, जयेश पंड्या, सहायक लेखाधिकारी जसवंत सिंह भाटी, कलाविद् चेतन औदिच्य, दिनकर खमेसरा, पीयूष दशोरा, महेश शर्मा, सुनील व्यास सहित अन्य कलाप्रेमी उपस्थित रहे। प्रदर्शनी के शुभारंभ एवं अवलोकन पश्चात कलक्टर ने सूचना केन्द्र का अवलोकन कर वहां संचालित गतिविधियों की जानकारी ली। उपनिदेशक जनसंपर्क गौरीकांत शर्मा ने यहां संचालित वाचनालय का अवलोकन कराते हुए पाठकों के लिए उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के बारे में बताया। कलक्टर ने पाठकों को प्रतियागी परीक्षाओं के लिए संदर्भ पुस्तकें सूचना केन्द्र में ही उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उपनिदेशक शर्मा ने सूचना केंद्र की आर्काइव में विभिन्न समाचार पत्रों के 50 वर्ष पुराने अंक संरक्षित होने की जानकारी दी।



फोटो प्रदर्शनी का शुभारंभ करते जिला कलक्टर व एसपी।

## संघ को प्रत्येक गांव तक पहुचाने का आव्हान

**उदयपुर,** (कासं)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के अखिल भारतीय धर्मजागरण प्रमुख शरद गजानन ढोले ने वर्ष प्रतिपदा उत्सव पर अपने उद्बोधन में संघ की गौरवशाली यात्रा और हिंदू समाज के उत्थान के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि संघ की यह 100 वर्षों की यात्रा आने वाली पीढियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

उन्होंने चैत्र शुक्ल प्रतिपदा संवत 2082 पर रविवार को यहां राजस्थान कृषि महाविद्यालय के मैदान में संघ के वर्ष प्रतिपदा उत्सव में स्वयंसेवकों को संबोधित किया। उत्सव की अध्यक्षता देसी जडी बूटी की गुणीजन लिमडी बाई मीणा ने की। शरद ढोले ने कहा कि पग पग पर समर्पण से परिपूर्ण स्वयंसेवकों का यह संघ ऐसे भारत का निर्माण करेगा की दुनिया स्वत: ही कहेगी की भारत विश्व गुरु है। शरद ढोले ने कहा कि संघ का लक्ष्य भारत को आर्थिक रूप से भी पूर्ण स्वतंत्र बनाना है। देश को आत्मनिर्भर और स्वदेशी भारत का निर्माण करने की आवश्यकता है। इसके लिए संघ गांव गांव तक संपर्क स्थापित कर जनजागरण कर रहा है। उन्होंने संघ की सौ वर्षों की यात्रा पर कहा कि इस विजयादशमी पर संघ अपने 100 वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। संघ के संस्थापक डॉ. हेडगेवार द्वारा बोया गया बीज आज एक विशाल वटवृक्ष बन चुका है। डॉ. हेडगेवार को यह भली भांति आभास हो गया था कि कोई बाहरी शक्ति समाज को स्वतंत्र नहीं करा सकती, यह कार्य स्वयं समाज को ही करना होगा।

## सार-समाचार

### तपस संस्थान का किया अवलोकन

**डूंगरपुर,** (निसं)। राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधिपति एवं राजस्थान किशोर न्याय समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार गर्ग ने बाल संरक्षण के क्षेत्र में जमीनी स्तर पर हो रहे कार्यो की समीक्षा के लिए डूंगरपुर जिले के दौरे के दौरान सुभाषनगर स्थित तपस शैक्षिक पुनर्वास एवं अनुसंधान संस्थान डूंगरपुर द्वारा संचालित तपस बधिर माध्यमिक आवासीय विद्यालय का अवलोकन किया। अवलोकन के दौरान न्याधिपति गर्ग ने बधिर विद्यालय में संचालित कक्षओं में जाकर अध्ययन कर रहे मूक बधिर छात्र-छात्राओं सेसंवाद कर शैक्षि पद्धित की जानकारी ली एवं आवास व्यवस्था का निरीक्षण कर छात्रावास में दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली साथ ही भोजनषाला का भी अवलोकन किया। तपस संस्थान में आगमन पर संस्थान संरक्षक के.के.गुप्ता एवं संस्थान संचिव पुरणमल शर्मा ने न्याधिपति मनोज कुमार गर्ग एवं उनकी धर्मपत्नि एवं पधारे हुए अन्य प्रषासनिक एवं न्यायिक अधिकारियों कागुलदस्ता, माल्यार्पण, पगडी एवं शॉल पहना कर स्वगत किया। संस्थान सचिव पुरणमल शर्मा ने संस्थान द्वारा चलाए जा रहे प्रकल्पों की विस्तृत जानकारी प्रदान की साथ ही कहा कि दिव्यांगजनों के पुनर्वास एवं रोजगार हेतु जिला स्तर पर व्यावसायिक पुनर्वास केन्द्र की स्थापना की जाए जहॉ दिव्यांगजन व्यावसायिक प्रषिक्षण प्राप्त कर अपना व्यवसाय प्रारम्भ कर सके एवं अपने परिवार का पालन पोषण कर सकें।न्यायधिपति द्वारा किए जा रहे कार्यो का अवलोकन करने के पष्चात संस्थान में रह रहे नन्हे मुन्ने बालको के चेहरे पर मस्कान को देख कर प्रसन्नता वयक्त की, कहा कि संस्थान में बालको को पारिवारिक माहोल में षिक्षक षिक्षिकाओं द्वारा षिक्षण कार्य किया जा रहा है जो सराहनीय है।

### नववर्ष की दी शुभकामनाएं

**उदयपुर,** (कासं)। नव वर्ष समारोह के अंतर्गत संस्कृत भारती उदयपुर परिवार द्वारा आमजन को भारतीय नव वर्ष के प्रति जागरूकता की दृष्टि से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसके अंतर्गत संस्कृत भारती उदयपुर द्वारा कुम्हारो का भट्टा विज्ञान महाविद्यालय के बाहर चौराहे पर आम जन को तिलक लगाकर मिश्री, नीम की कोपल , काली मिर्च आदि भेंट कर नव वर्ष की शुभकामना दी गई और भारतीय नव वर्ष चैत्र प्रतिपदा को आयोजित किया जाता है इसकी जानकारी और इसके वैज्ञानिक संदर्भ से अवगत कराया गया। इस अवसर पर डॉ यज्ञ आमेटा, नरेंद्र शर्मा, राम सिंह, श्रेयांश कंसारा, सागर, भानू प्रताप, पार्षद दीपक चौधरी, रेखा सिसोदिया, डॉ रेनू पालीवाल, हेतवी, वेदांत और गोरक्ष।

### मंदिर में रही भक्तों की भीड़

**उदयपुर,** (कासं)। चेत्र नवरात्रा पर गणेश नगर स्थित कालका माता मंदिर में रविवार को अभिजीत मुहूर्त में माता के मंदिर में प्रात: 09.30 बजे नौ कन्या का पूजन कर घट स्थापना की गई। मंदिर पुजारी देवेन्द्र सिंह गोड़ ने बताया कि देर रात तक मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ रही। पूरे मंदिर परिसर मे रंग बिरगी लाईट लगवाई गई। नौ दिनों तक माता जी का भव्य श्रृंगार किया जायेगा। मंदिर में नौ दिनों तक सुबह 09 बजे व सायं 07 बजे आरती की जायेगी। भक्तों की ओर से मंदिर में आने वाले भक्तों के लिए अलग अलग तरह के प्रसाद की व्यवस्था की गई।

### गणगौर सवारी आज निकलेगी

**भीण्डर,** (निसं)। भीण्डर की ऐतिहासिक गणगौर सवारी 31 मार्च सोमवार षाम 5 बजे राजमहल से निकलेगी। प्रतिवर्श की भांति भीण्डर राजमहल में गणगौर की पूजा-अर्चना होगी। इसके बाद यहां से सवारी रवाना होकर रावलीपोल, सदर बाजार, नृसिंह भगवान मन्दिर होते हुए गणगौर बावड़ी पर विश्राम लेकर सूरजपोल चौराहे पर पहुंचेगी। यहां पर नगर पालिका भीण्डर, सनातन धर्मोत्सव सेवा समिति आदि द्वारा स्वागत अभिनंदन होगा। यहां गणगौर दर्शन के लिए रखी जायेगी। इसके बाद यहां से पुन: सवारी रवाना होकर राजमहल पहुंचेगी। गणगौर सवारी में भीण्डर राजपरिवार के पूर्व विधायक रणधीर सिंह भीण्डर, प्रणवीरसिंह भीण्डर, देवेन्द्र सिंह भीण्डर के साथ भीण्डर एवं आसपास गांवों से क्षत्रिय पारम्परिक वेषभुशा में षामिल होंगे।

### चांद नजर आया, मनाया ईदुल फितर आज

**उदयपुर,** (कासं)। बोहरा समाज ने रविवार को अकीदत और उत्साह के साथ ईद उल फितर पर्व मनाया जबकि मुस्लिम समुदाय सोमवार को ईद मनायेगा। लेकसिटी में बोहरा समुदाय ने रविवार को ईद का पर्व श्रधा एवं उत्साह के साथ मनाया । इस अवसर पर बोहरा बाहुल्य इलाको बोहरवाडी, खारोल कॉलोनी, फतेहपुर,चमनपुर, नीमच खेडा, खांजीपीर में स्थित मस्जिदों में नमाज अता की गई । इस अवसर पर समुदाय के लोगो ने एक दुसरे को गले लगा कर ईद की मुबारक बाद दी । इधर रविवार को चाँद दिखाई देने के साथ ही मुस्लिम समाज ने आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया । मुस्लिम समाज सोमवार को ईद मनायेगा । शहर की प्रमुख मस्जिदों में ईद की नमाज अता की जायेगी ।

### संगोष्ठी आयोजित

**उदयपुर,** (कासं)। उदयपुर मेडिसिन विभाग आरएनटी मेडिकल कॉलेज एवं एपिकॉन 86 ट्रस्ट उदयपुर के संयुक्त तत्वाधान में एक मेडिकल संगोष्ठी का आयोजन रविवार को आरएनटी मेडिकल कॉलेज के सभागार भवन में किया गया। रविंद्र नाथ टैगोर मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल विपिन माथुर ने मुख्य अतिथि ने संगोष्ठी का प्रारंभ किया। संगोष्ठी में उदयपुर एवं उदयपुर संभाग के 150 फिजिशियन शामिल हुए। संगोष्ठी में कोटा के विख्यात डॉक्टर गिरीश माथुर ने डॉक्टर डी आर शाह मेमोरियल लेक्चर लाइफ स्टाइल मेडिसिन रेमेडी फॉर कार्डियोवैस्कुलर डिजीज एवं ट्रस्ट बिटवीन पेशेंट एंड डॉक्टर पर व्याख्यान दिया गया। अहमदाबाद के इंफेक्शियस डिजीज विशेषज्ञ डॉ संकेत मकड ने केस बेस्ड डिस्कशन ऑन इंफेक्शियस एवं ग्राम नेगेटिव इन्फेक्शन मैनेजमेंट पर अपने विचार साझा किए।

# बांसवाड़ा में नववर्ष धूमधाम से मनाया

**बांसवाड़ा,** (निसं)। गायत्री मण्डल की ओर से श्री पीताम्बरा आश्रम में भारतीय नव वर्ष रविवार को विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मनाया गया।

गायत्री मण्डल एवं नटवरानन्दी वेलफेयर फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित नव वर्ष अभिनन्दन समारोह बड़ा रामद्वारा के संत रामप्रकाश रामस्नेही महाराज के मुख्य आतिथ्य, गायत्री मण्डल के मुख्य संरक्षक पूर्व आयुक्त दिलीप गुप्ता की अध्यक्षता एवं फाउण्डेशन के संरक्षक राजेन्द्र प्रसाद द्विवेदी के विशिष्ट आतिथ्य में हुआ। मारुति अनुष्ठान के अन्तर्गत हनुमानजी की पूजा-अर्चना के साथ सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ कर एक-दूसरे को नव वर्ष की बधाई दी। समारोह में नटवरानन्दी वेलफेयर फाउण्डेशन की ओर से अध्यक्ष महेंद्र त्रिवेदी, सचिव रजनीश गुप्ता, प्रिंस पटेल, डॉ. प्रियंका कटारा तथा गायत्री मण्डल के उपाध्यक्ष मनोहर जोशी, सचिव विनोद शुक्ला, एड्वोकेट यशपाल गुप्ता एवं अन्य पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत एवं उपरणा पहनाकर अभिनन्दन किया। संचालन अनन्त जोशी ने किया। संत रामप्रकाश रामस्नेही महाराज ने भारतीय नव वर्ष से संदर्भित तथ्यों और महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति और इसकी सनातन परम्पराओं के प्रति अगाध आस्था और दृढ विश्वास ही सर्वोपरि है।

## भजन संध्या आयोजित

**उदयपुर,** (कासं)। श्री एकलिंगनाथ राष्ट्रीय सेवा संगठन के तत्वावधान में चौत्र नवरात्रि की पूर्व संध्या पर एक शाम मां अम्बे व खाटू श्याम के नाम भजन संध्या आयोजित हुई।

एक शाम मां अम्बे व खाटू श्याम के नाम भजन संध्या में सुर लहरी लेहरुदास वैष्णव व पिन्टू सेन के भजनों का ऐसा समां बांधा कि शाम 7 बजे शुरु हुई संध्या मध्यरात्रि बाद भी चलती रही और भक्तगण लीन होकर नाचते झूमते रहे। संस्थापक आकाश बागडी व अतिथियों द्वारा मां अम्बे व खाटू श्याम की पूजा अर्चना पश्चात कन्या पूजन किया गया। बेटी बचाओ बेटी पढाओ के उद्देश्य को लेकर की गई भजन संध्या में नवरात्रि की पूर्व संध्या पर कन्याओं को भोजन करवाकर उनके पगलिये पूजे गए।

## ईद व गणगौर पर्व पर विशेष यातायात व्यवस्था

**उदयपुर,** (कासं)।शहर के मनाए जाने वाले ईद व गणगौर त्यौहारों के मद्दे नजर पुलिस द्वारा यातायात की विशेष व्यवस्था की गई है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष गणगौर उत्सव एवं मेवाड़ महोत्सव-2025 का आयोजन 31 मार्च को किया जाएगा। जहां विभिन्न समाजों की गणगौर प्रतिमांए निकलेगी व मंदिरों से अलग अलग गणगौर की सवारियों जुलूस के रूप में सुरजपोल, अम्बामाता, धानमण्डी, हाथीपोल, घंटाघर क्षेत्रों से होते हुए जगदीश चौक होकर गणगौर घाट पर पहुंचगी।वहीं प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष मुस्लिम समुदाय द्वारा चांद दिखने पर 31 मार्च को ईदुलफितर का पर्व मनाया जावेगा। इस अवसर पर मुख्य नमाज पलटन मस्जिद चेतक सर्कल पर सवेरे 8.30 बजे एवं जामा मस्जिद चमनपुरा पर ईद की नमाद अदा की जाएगी।

इसके लिए यातायात की विशेष व्यवस्था की गई है। इस दौरान हाथीपोल से घंटाघर से जदगीश चौक की तरफ, चांदपोल से गणगौर घाट जगदीश चौक की तरफ, रंगनिवास से जगदीश चौक की तरफ एवं अस्थल मंदिर से घंटाघर जदगीश चौक तथा मण्डी गेट से घंटाघर की तरफ एवं गणगौर महोत्वस के दौरान दोपहर2 बजे से 4 बजे केवल दुपहिया वाहनों का अवागमन रहेगा साथी ही सांय 4बजे पश्चात किसी प्रकार के वाहनों का प्रवेश निषेध रहेगा।

इसी तरह पलटन मस्जिद चेतक सर्कल एवं जामा मस्जिद चमनपुरा पर ईद की नमाज के दौरान सवेरे 6 बजे से नमाज समाप्ति तक यातायात की विशेष व्यवस्था की गई है। इस दौरान कोर्ट चौराहा से हाथीपोल से शिक्षा भवन चौराहा से लोक कला मण्डल, अश्विनी बाजार से हाथीपोल मार्ग पर चलने वाले वाहन पूर्णतय बंद रहेंगे। इस दौरान वाहन झरिया मार्ग वाया दैत्यमगरी होते हुए आ जा सकेंगे। गोगुन्दा,माउण्ट आबू एवं नाथद्वारा जाने वाले वाहन कोर्ट चौराहा से मीरा गर्ल्स कॉलेज, लोक कमा मण्डल, मोहता पार्क होते हुए पहाड़ी बस स्टेण्ड आ सकेगी एवं वाया युआईटी चौराया सहेगीनगर फतहपुरा चौकी से होते हुए गंतव्य स्थानों पर जा सकेगी।

# दीपदान व आतिशबाजी के साथ हुआ गणगौर महोत्सव का शुभारंभ

**राजसमंद,** (निसं)। नगर परिषद राजसमंद की ओर से नव संवत्सर के अवसर पर रविवार की ढलती शाम को प्रभु श्री द्वारकाधीश मंदिर के पास राजसमंद झील के जलधरा घाट पर दीपदान कार्यक्रम और रात को श्री बालकृष्ण स्टेडियम में हुई जोरदार आतिशबाजी के साथ पांच दिवसीय गणगौर महोत्सव-2025 का शुभारंभ हो गया।

नगर परिषद की ओर से आयोजित गणगौर महोत्सव के तहत पहले दिन रविवार शाम करीब 6:30 बजे प्रभु श्री द्वारकाधीश मंदिर के पास स्थित जलधरा घाट पर दीपदान के लिए शहर के जनप्रतिनिधियों, प्रमुख लोगों, विभिन्न संस्था, संगठनों और समाज के पदाधिकारियों व सदस्यों के साथ ही बडी संख्या में महिला-पुरुषों की भीड उमडी। इसके बाद शाम करीब 7 बजे विधायक दीप्ति माहेश्वरी, मंदिर अधिकारी भगवतीलाल पालीवाल, नगर परिषद सभापति अशोक टांक, उपसभापति चुन्नीलाल पंचोली, नेता प्रतिपक्ष हिम्मत कुमावत और पूर्व सभापति आशा पालीवाल के सान्निध्य में दीपदान की शुरुआत की गई। इसके तहत श्रद्धालुओं ने लकडी से बनी छोटी-छोटी नावों पर दीपक रखकर एवं आटे से बने दीपक रखकर एक-एक कर झील में छोडे तो कुछ ही देर में झील का नजारा ऐसा हो गया जैसे आसमान से सारे सितारे झील में ही उतर आए हों। इसके साथ ही श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को नव संवत्सर की शुभकामनाएं देते हुए खूब जयकारे भी लगाए, जिससे वातारण भक्तिमय हो गया। इस दौरान पार्षद हेमंत गुर्जर, दीपक जैन, भुरालाल कुमावत, हिमानी नंदवाना, राजकुमारी पालीवाल, शालीनी कच्छावा, पुष्पा पोरवाड, अर्जुन मेवाडा, नारायण गायरी, किशन गायरी, मोहन कुमावत, दीपक शर्मा, सुमित्रा नंदवाना सहित शहरवासियों ने भी पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। इसके बाद गणगौर महोत्सव के पहले दिन रात करीब 8 बजे से श्री बालकृष्ण स्टेडियम में आतिशबाजी का दौर शुरू हुआ, जो करीब एक घण्टे से ज्यादा समय तक चलता रहा। इस दौरान शोरगरों ने जमीनी आतिशबाजी के साथ ही एक से बढकर एक हवाई आतिशी नजारे पेश किए तो पूरा आसमान सरतरंगी हो गया। इस दौरान आतिशी नजारे देखने लिए स्टेडियम में मौजूद हजारों आंखे अपलक फलक की ओर ही निहारती रह गई। हवाई आतिशबाजी का यह सतरंगी नजारा न सिर्फ स्टेडियम में बल्कि शहर में भी दूरदराज से दिखाई दे रहा था। इसका शहरवासियों ने घरों की छतों पर खडे होकर भी भरपूर आनंद लिया।

गणगौर मेले को लेकर बालकृष्ण स्टेडियम में अधिकांश व्यापारियों ने अपनी दुकानें सजा दी है तो कुछ दुकानदार अब भी दुकानों को तैयार करने में लगे हैं। वहीं, डोलर, चकरी और झूले आदि भी लग चुके हैं। ऐसे में पहले दिन आतिशबाजी का नजारा लेने पहुंचे शहरवासियों ने मेले का भी भ्रमण किया और खरीददारी भी की।

गणगौर महोत्सव और मेले के तहत पहले दिन सोमवार शाम को प्रभु श्री द्वारकाधीश मंदिर से परंपरागत रूप से चूंदडी गणगौर की सवारी पूरे लाव-लश्कर के साथ ठाठ-बाट से निकाली जाएगी। इसके बाद रात 8 बजे से सांस्कृतिक मंच पर प्रस्तुतियों की शुरुआत में पहले दिन भक्तिसंध्या का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बालोतरा के प्रसिद्ध गायक प्रकाश माली एवं पार्टी भक्ति भरी प्रस्तुतियां देंगे।

गणगौर महोत्सव में सांस्कृतिक मंच पर दूसरे दिन मंगलवार को सांस्कृतिक संध्या होगी। इसमें बॉम्बे फायर इंडियाज फर्स्ट फीमेल डांस ग्रुप, वीआर ग्रुप में फेमस बैलेंसिंग, एंजेल प्रिया होला होप डांस प्रस्तुति रोपा डांस, डांस इंडिया डांस फेम सेम एंड निशा, विनय गुप्ता फायर डांस प्रस्तुति, आरबीएम डांस ग्रुप साक्षी श्रीवास्तव, कॉमेडियन विजय परिहार, इंडियन आइडल सिंगर कपिल थापा, सिंगर माही ठाकुर आदि कलाकार प्रस्तुतियां देंगे।महोत्सव के तहत बुधवार को गुलाबी गणगौर की सवारी निकाली जाएगी।

# न्यायाधिपति गर्ग ने नारी निकेतन, सम्प्रेषण गृह व बाल गृह का किया अवलोकन

**उदयपुर,** (कासं)। न्यायाधिपति, अध्यक्ष, किशोर न्याय समिति राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर मनोज कुमार गर्ग ने रविवार को उदयपुर के चित्रकूट नगर स्थित नारी निकेतन, किशोर न्याय बोर्ड कार्यालय में संचालित राजकीय सम्प्रेषण गृह व बाल गृह का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने वहां बच्चों एवं महिलाओं से संवाद किया और वहां के प्रभारियों से इन गृहों में बच्चों को दी जा रही सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली और पोक्सों एक्ट व जेजे एक्ट के प्रावधानों के साथ तय अधिनियमों की पालना सुनिश्चित करते हुए इन्हें सकारात्मक वातावरण उपलब्ध कराने की बात कही।



बैठक लेते न्यायाधिपति मनोज कुमार गर्ग।

उन्होंने कहा कि हम सभी निराश्रित एवं जरूरतमंद बच्चों एवं पीडित महिलाओं व बालिकाओं के उचित संरक्षण एवं उन्हें न्याय दिलाने के लिए कार्य कर रहे है, ऐसे में हमारा दायित्व बनता है कि इनसे जुड़े प्रकरणों को प्राथमिकता से निस्तारित करें। इस दौरान न्यायाधीश ने बाल कल्याण समिति के कार्यालयं का भी निरीक्षण किया।

तत्पश्चात उन्होंने राजकीय किशोर गृह के सभागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, जिला बाल संरक्षण इकाई, विशेष किशोर पुलिस इकाई एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक ली। उन्होंने कहा कि उदयपुर जिला प्रशासन एवं सभी संबंधित विभाग बाल संरक्षण के क्षेत्र में सराहनीय भूमिका निभा रहे है। बैठक में न्यायाधिपति ने बाल संरक्षण के क्षेत्र में कार्य कर रहे अधिकारियों व प्रतिनिधियों को विभिन्न एक्ट एवं प्रावधानों की पालना के साथ संवेदनशीलता रखते हुए कार्य करने को कहा। उन्होंने बच्चों से जुडे लंबित प्रकरणों पर चर्चा करते हुए कहा कि बच्चों से जुडे मामलों को गंभीरता से ले और शीघ्र निस्तारण करते हुए राहत प्रदान करें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एडीजे कुलदीप शर्मा ने जिले के बाल संरक्षण एवं महिला सुरक्षा एवं उनके अधिकारों के संरक्षण के लिए संचालित गतिविधियों की जानकारी दी। । अतिरिक्त जिला कलक्टर दीपेन्द्र सिंह राठौड ने न्यायाधिपति का स्वागत करते हुए जिले में बाल संरक्षण के लिए किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं मानव तस्करी यूनिट के प्रभारी हितेश मेहता ने बालकों से जुडे प्रकरणों की स्थिति पर प्रकाश डालते हुए जिले में बाल कल्याण अधिकारी, सुरक्षा सखी, पट्रोलिंग टीम द्वारा संचालित गतिविधियों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि बाल संरक्षण के लिए उदयपुर रेंज पुलिस द्वारा यूनिसेफ के सहयोग किये गये नवाचारों को फिक्की द्वारा सम्मानित किया गया है एवं उदयपुर पुलिस को हेलो मम्मी नवाचार के लिए ग्लोगल स्कॉच अवार्ड भी मिला है। जोधपुर हा कोर्ट में किशोर न्याय समिति के वरिष्ठ सलाहाकर राकेश कुमार चौघरी ने बैठक की रूपरेखा प्रस्तुत की। बैठक में राजस्थान राज्य बाल संरक्षण आयोग के सदस्य ध्रुव कुमार कविया व राजीव मेघवाल ने भी अपने सुझाव दिए। बैठक में न्यायाधीपति गर्ग ने उदयपुर रेंज पर यूनिसेफ द्वारा की जा रही गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि बाल संरक्षण पर कार्य करने के साथ ही इस क्षेत्र में कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों एवं अन्य प्रतिनिधियों को प्रोत्साहित करने में यूनिसेफ अग्रणी भूमिका निभा रहा है। बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष यशोंदा पणिया ने गृहों में सुरक्षा व्यवस्था, मानदेय आदि की आवश्यकता बारे में अवगत कराया, इस पर न्यायाधिपति ने उचित आश्वासन दिया। बैठक में बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक के.के. चन्द्रवंशी ने जिले में बाल संरक्षण की स्थिति के बारे में अवगत कराया।

## झूलेलाल की स्वर लहरियों पर झूमे श्रद्धालु

**डूंगरपुर** (निसं)। झुलेलाल जयंति पूज्य सिंधी समाज द्वारा रविवार को परम्परागत हर्षोल्लास के साथ मनाई तथा इस अवसर पर दिन भर विविध धार्मिक अनुष्ठान सिंधी कॉलोनी स्थित गुरूद्वारा में सम्पन्न कराये गये।

इस अवसर पर प्रात: गुरूद्वारे में अरदास का कार्यक्रम आयोजित कियागया। जिसमे बड़ी संख्या में लोगो ने संत झुलेलाल के प्रति अपनी श्रद्दा दिखाई। इस मौके पर आज लंगर का आयोजन भी किया गया जिसमे बड़ी संख्या में सिंधी समाज के अलावा अन्य समाजों के लोगों ने भी भाग लिया। इस अवसर पर दिन भर गुरूद्वारे में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके पश्चात शाम को झुलेलाल जयंति के अवसर पर एक शोभा यात्रा निकाली गई। जो कि सिंधी कॉलोनी स्थित गुरूद्वारे से शोभा यात्रा निकाली जो कलेक्ट्रेट मार्ग होते हुए तहसील चौराहा, गेपसागर की पाल पहुंची। जहां भगवान झुलेलाल की पूजा अर्चना की गई। तथा मार्ग में जगह जगह पर सिंधी समुदाय के लोगों द्वारा स्टॉल लगाकर राहगिरों को प्रसाद का वितरण किया। इस दौरान सिंधी समाज के युवक आने जाने वाले राहगिरों से करबृद्घ विनती कर प्रसाद ग्रहण के लिए मान मनवार कर रहे थे। सिंधी समाज के अशोक कालरा, रमेश वरियानी, सुनील भठीजा, कमल कामरा, भीषम माखिजा, आरी माखिजा, प्रदीप सिंधी, सुरेश सिंधी सहित बड़ी संख्या में नव युवक मण्डल के सदस्य शोभायात्रा के आगे नाचते गाते चल रहे थे।

# घट स्थापना व राम कथाओं के साथ चैत्र नवरात्र शुरू

**डूंगरपुर,** (निसं)। जिले भर में चैत्र शुक्ल नवरात्रि के तहत रविवार को शुभ मुहुर्त में विभिन्न दैवी मंदिरों में घट स्थापना हुई। उसके साथ ही विभिन्न स्थानों पर राम कथाओं का आयोजन भी आज से शुरू हो गया।

रविवार को कंसारा चौक स्थित रामद्वारा में रामधाम चेत्रनवरात्रि पाठ की घट स्थापना प्रात: 9 बजे लाभार्थी परिवार द्वारा किया गया। इधर विद्यानिकेतन विद्यालयों के गुरूजनो ने नवसंवत्सर के तहत तहसील चौराहे, गेपसागर की पाल, विद्यानिकेतन विद्यालय पर आने जाने वाले नागरिकों को नव संवत्सर की बधाई देते हुए तिलक लगाकर मिश्री खिलाई साथ ही पत्रक वितरण भी किये गये। वही दूसरी ओर नव संवत्सर के तहत भारत विकास परिषद द्वारा जगह जगह स्वागत द्वार लगाये गये तथा प्रात: नीम का पानी व मिश्री देकर शहरवासियों के स्वस्थ जीवन की कामना की। इस अवसर पर जिले भर के दैवी मंदिरों को आकर्षक रोशनी से सजाया गया।

इधर रामबोला मठ में भी नवापरायण पौथी स्थापना के साथ प्रारंभ हो गई।इधर, विभिन्न देवी मंदिरों में शुभ मुहुर्त घट स्थापना के साथ ही चैत्र नवरात्र के धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ हो गये तथा माता की प्रतिमा का श्रृंगार भी किया गया तथा परिवार सहित एक दूसरे को नव संवत्सर की बधाई दी। इसी तरह जय अम्बे गोकुलपुरा धाम पर चैत्र शुक्ल नवरात्रि पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आचार्य के सानिध्य में धाम की गादीमाता माया देवी चौहान के तत्वावधान में घट स्थापना व वैदिक मंत्रोच्चार कराया गया।



नव संवत्सर पर तिलक लगाकर नागरिको को बधाई देते कार्यकर्ता।

इसी तरह चेत्रप्रतिपदा नव वर्ष विक्रम संवत 2081 को संस्कार भारती डूंगरपुर इकाई द्वारा प्रात: काल 6.41 पर सामूहिक रूप से सभी कलाकारों के द्वारा सूर्य की पहली किरण उदय होते ही ओम सूर्याय नम: के उच्चारण के साथ ताम्र पात्र से जल चढ़ाया गया इससे पूर्व कलमल गीत का गायन किया गया तत्पश्चात मंत्री संगठन भूपेश शर्मा ने संस्कार भारती के चतवांसचव पर प्रकाश डाला तत्पश्चात संस्कार भारती के अध्यक्ष एवं प्रांतीय सह लोक कला ओम प्रकाश जेठवा ने हिंदू नव वर्ष मनाए जाने के उद्देश्य को बताया गया उसके पश्चात वंदे मातरम गीत गाया गया एवं एक दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए सिंग-गुड़ व मावे से बने व्यंजन का प्रसाद वितरित किया गया अगले चरण में श्रीनाथजी मंदिर प्रांगण में देश में खुशहाली का वातावरण बना रहे इसके तहत सभी कलाकारों द्वारा राम धुन की 13 माला का जाप किया गया समारोह में बडी संख्या में धर्म प्रेमी उपस्थित थे। भाविप तिलक शाखा द्वारा तहसील चौराए पर स्वागत द्वारा लगवाकर चौराहे पर आने जाने वाले राहगीरों के मस्तक पर तिलक कर मिस्त्री और निम का सेवन करवाया और हिन्दू नव वर्ष विक्रम संवत 2082 की शुभकामनाएं दी।